# राजस्थान सरकार
## विधि एवं विधिक कार्य विभाग

क्रमांकः प.24(02)न्याय/2023 जयपुर, दिनांक

**श्री मुकेश कुमार डूडी**
**विधि रचनाकार परीक्षा 2024**
**रोल नम्बर 1056403**

**विषयः– विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के अन्तर्गत विधि रचनाकार के पद पर आरक्षित सूची से चयनित अभ्यर्थी के शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण–पत्र आदि दस्तावेज के सत्यापन एवं स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने बाबत्।**

संदर्भः– आपका प्रार्थना पत्र दिनांक 06.10.2025 एवं इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 15. 09.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा–2024 के अन्तर्गत विधि रचनाकार के पद पर नियुक्ति हेतु आपको अपने मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र (10वीं, 12वीं एवं विधि स्नातक आदि), अनुभव प्रमाण–पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा मेडिकल ऑफिसर से प्राप्त कर मूल एवं अतिरिक्त प्रति), विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र, जीवित संतान/संतानों की सूचना का प्रमाण–पत्र, दहेज नहीं लेने/देने का परिवचन/घोषणा–पत्र, धूम्रपान एवं गुटखा सेवन न करने का वचन पत्र (विभागीय वेबसाईट पर सभी प्रपत्र उपलब्ध है), दो पासपोर्ट साईज फोटो (फोटो के पीछे नाम व मैरिट नं. अंकित) एवं यदि राजकीय सेवा/केन्द्रीय कार्यालय/संस्था में पूर्व से नियोजित है, तो वहां से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र आदि के साथ दिनांक 19.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे कमरा नं.–1032, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर में उपस्थित होने हेतु इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 15.09.2025 द्वारा निर्देशित किया गया था। आपके द्वारा दिनांक 19.09.2025 को विभाग में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 06.10.2025 तक के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिसका अनुमोदन विभागीय पत्रावली पर कर दिया गया।

तत्पश्चात् आप द्वारा पत्र दिनांक 06.10.2025 के जरिये दस्तावेज सत्यापन हेतु दोबारा अतिरिक्त समय चाहा गया है, जिन्हें इन शर्तों के साथ स्वीकार किया जाता है कि दिनांक 17.10.2025 कार्यालय समय तक उपरोक्त समस्त प्रक्रिया पूर्ण करें अन्यथा आपकी विधि रचनाकार के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया समाप्त कर दी जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी अर्थात् आपसे संबंधित इस विभाग में नियुक्ति के परिप्रेक्ष्य में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहेगी।

**(अंकित रमन)**
**संयुक्त शासन सचिव**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. उप शासन सचिव, सुरक्षा/स्वागत कक्ष, शासन सचिवालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त अभ्यर्थी को शासन सचिवालय, जयपुर परिसर में प्रवेश की अनुमति दिलवाये जाने का श्रम करावें।
2. एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर (उप निदेशक), विधि विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
3. संबंधित अभ्यर्थी।
4. रक्षित पत्रावली।

**संयुक्त शासन सचिव**

Document certified by ANKIT RAMAN <ankitraman.ar@gmail.com>.

Digitally Signed by ANKIT RAMAN
Designation : Joint Secretary
Date :14-10-2025 08:01:35

RajKaj Ref No.: 18333238

eSign DSC